एक नजर में

शहनाई की प्रस्तुति देने वाले को दिया पुरस्कार

भोपाल. नगर निगम नवीन मुख्यालय का उद्घाटन में शहनाई वादन करने वाले को एक लाख के पुरस्कार का चेक दिया गया. कार्यक्रम में शहनाई वादन की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सराहना करते हुए पुरस्कृत करने की घोषणा की थी.उसी घोषणा के पालन में सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी टीटी नगर वृत्त डॉ. अर्चना शर्मा द्वारा डायमंड बैंड पार्टी के मुख्य सदस्य लक्ष्मण राव को एक लाख रुपये की राशि का चेक प्रदान किया गया समारोह में डायमंड बैंड पार्टी द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक शहनाई वादन को उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों द्वारा सराहा गया था.

युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

भोपाल. ऐशबाग थाना क्षेत्र में एक युवक पर उसके मोहल्ले के आरोपी युवकों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया. पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक बिस्मिल्ला कॉलोनी निवासी आसिफ खान नाम के युवक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है. आसिफ का आरोप है कि सोहेल, परवेज, मुन्ना, अमन ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उसपर रविवार को देर रात हमला किया. आरोपी सोहेल ने आसिफ के घर में पाले गए एक बकरे को लेकर पहले ताना दिया था.

भोपाल में शुरू हुआ कैंसर हीलर सेंटर

भोपाल. कैंसर हीलर सेंटर ने भोपाल में अपना नया सेंटर शुरू किया है. यह भारत में 28वां सेंटर है. इस विस्तार का उद्देश्य, मध्य प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को विशेषज्ञ कैंसर परामर्श, व्यक्तिगत इलाज की योजना, नियमित फॉलो-अप और लंबे समय तक देखभाल की सुविधा उपलब्ध कराना है. यह सेंटर कैंसर हीलर सेंटर की इम्यूनोलॉजी आधारित अप्रोच पर काम करेगा. इसमें हर मरीज की कैंसर प्रोफाइल, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता, मेडिकल हिस्ट्री, पहले हुए इलाज के असर और ओवरऑल हेल्थ को ध्यान में रखकर देखभाल की जाएगी. सेंटर का केयर मॉडल 'कैंसर हीलर थेरेपी' पर आधारित है.

ट्विशा के पति की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

फरार समर्थ की तलाश के लिए लगाई गईं पुलिस की 6 टीमें

पुलिस ने किया 10 हजार का इनाम घोषित

06 दिन बीत जाने के बाद भी नहीं हुआ अंतिम संस्कार

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 18 मई. जिला कोर्ट में ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में घिरे उनके वकील पति समर्थ की अग्रिम जमानत याचिका सोमवार को खारिज हो गई.

इसके साथ ही पुलिस ने समर्थ पर इनामी राशि की घोषित कर दिया है. समर्थ के वकील ने कोर्ट में सुनवाई के दौरान अपनी दलीलें पेश की. न्यायाधीश पल्लवी द्विवेदी ने मामले की गंभीरता और अधूरी जांच का हवाला देते हुए आरोपी को कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया. समर्थ सिंह पर उनके ससुराल पक्ष के लोगों ने ट्विशा की मौत को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं. इसके साथ आरोपी समर्थ पर एसीपी रजनीश कश्यप ने 10 हजार का इनाम घोषित किया है. समर्थ के पासपोर्ट को लेकर पुलिस ने आगे की कार्रवाई की है और उसके विदेश यात्रा पर रोक लगाई गई है. ट्विशा की मौत के बाद समर्थ फरार चल रहा है. उसकी तलाश के लिए पुलिस की 6 टीमें लगाई गई है.

ट्विशा की मौत से पहले उनके मकान की छत पर जाने का एक कथित वीडियो भी सामने आया है. अब ट्विशा की अपनी एक सहेली के साथ व्हाट्सएप पर हुई कथित चैट भी सामने आई है, जिसमें उसने अपने ससुराल पक्ष के लोगों को लेकर कई बातें कही है. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है. ट्विशा की मौत को लेकर सामने आए पीएम रिपोर्ट को लेकर भी उनके मायके पक्ष के परिजनों ने सवाल उठाए हैं. ट्विशा के शव का अंतिम संस्कार घटना के 6 दिन बीत जाने के बाद भी नहीं हुआ है. जानकारी के मुताबिक समर्थ सिंह के जमानत याचिका पर सोमवार को जिला कोर्ट की विशेष अदालत में सुनवाई हुई.

> इस दौरान जज ने आरोपी समर्थ के जमानत याचिका खारिज कर दी. इससे पूर्व समर्थ की मां और ट्विशा की सास को कोर्ट ने जमानत मिल चुकी है. ट्विशा की मौत को लेकर पुलिस की कार्रवाई भी लगातार जारी है. आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी है. बागमुगालिया एक्सटेंशन कटारा हिल्स थाना इलाके में ट्विशा अपने ससुराल में रहती थी. ट्विशा की मौत पर एसआईटी की जांच जारी है और ट्विशा के नोएडा से आए पिता सहित मायके पक्ष के लोग भोपाल में रहते हुए अपनी बेटी के लिए इंसाफ मांगते हुए प्रदेश के बाहर की एजेंसी से जांच की कराने की बात कह रहे हैं.

खुद को चाकू मारते वीडियो वायरल

लिव इन पार्टनर का इलाज जारी

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 18 मई. पिपलानी इलाके में 50 वर्षीय लक्ष्मण प्रसाद रिछारिया के खुद को चाकू मारते हुए सोमवार को एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ. कथित वीडियो में लक्ष्मण घर के बाहर ही खुद को 11 बार चाकू मारते दिखाई दिया.

बताया जा रहा है कि इस घटना का वीडियो किसी राहगीर ने बनाया और इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. लक्ष्मण की लिव इन पार्टनर कल्पना का अस्पताल में इलाज जारी है. कल्पना पर लक्ष्मण ने रविवार को हथौड़ा और चाकू से जानलेवा हमला किया था. इसके बाद उसने खुद को चाकू मारकर आत्महत्या कर ली. पुलिस मामले की जांच में जुटी है. सी-सेक्टर सोनागिरि निवासी लक्ष्मण के सामने आए वीडियो में वह खुद के पेट पर लगातार चाकू से हमला करता दिखाई दिया. इस दौरान लक्ष्मण के शरीर से लगातार खून भी निकल रहा था.

पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया

11 बार खुद पर चाकू से किए गए हमले के बाद लक्ष्मण उसी स्थान पर गिर गया और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई. स्थानीय रहवासियों ने लक्ष्मण और कल्पना को लहुलुहान हालत में देखा और पिपलानी पुलिस को इसकी सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया. डाक्टरों ने लक्ष्मण को मृत घोषित कर दिया और कल्पना का इलाज एक निजी अस्पताल में जारी है. दोनों के बीच घरेलू विवाद की बात अब तक सामने आई है. बताया जा रहा है कि यह विवाद चरित्र शंका को लेकर होता था. कल्पना पर लक्ष्मण चरित्र शंका करता था.

10 दिन तक पत्नी बनकर रही, फिर फरार हो गई

महिला सहित तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

शादी कराने के लिए थे ढाई लाख रुपए

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 18 मई. पत्नी बनाकर ढाई लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह का नजीराबाद पुलिस ने पर्दाफाश किया. पुलिस ने महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में उपयोग की गई कार को भी जब्त कर लिया है.

पुलिस के मुताबिक फरियादी रामचंदर मीना निवासी ग्राम आमल्या ने थाने में शिकायत दर्ज कराई. राम चंदर ने बताया कि उसके छोटे भाई सरवन मीना की शादी नहीं हुई थी. रिश्तेदारों के माध्यम से संपर्क होने पर आरोपियों ने एक महिला से शादी कराने का प्रस्ताव दिया. आरोपी रूप सिंह रैकवार ने स्वयं को महिला का रिश्तेदार बताते हुए शादी कराने के एवज में ढाई लाख रुपये की मांग की. 30 अप्रैल को आरोपी एक महिला को लेकर फरियादी के गांव पहुंचे, जहां फरियादी ने आरोपियों को नगद ढाई लाख रुपये दिए. इसके बाद महिला की शादी सरवन मीना से मंदिर में करा दी गई. महिला लगभग 10 दिनों तक पत्नी बनकर घर में रही और 10 मई को रात में बिना बताए घर से चली गई. बाद में आरोपियों ने महिला को साथ रखने से इंकार कर दिया.

> फरियादी को अपने साथ धोखाधड़ी होने का संदेह होने पर थाना नजीराबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई.. आरोपियों के कब्जे से घटना में उपयोग की गई एक कार को भी जब्त किया गया. आरोपियों को कोर्ट में पेश पेश किया गया. आरोपियों की पहचान रूप सिंह रैकवार, रवि कुशवाहऔर सरोज उईके पति प्रेम उईके निवासी मंडीदीप जिला रायसेन के रुप में हुई.

प्रदेश में 25 से ठप हो सकती हैं स्वास्थ्य सेवाएं

4 महीनों से वेतन न मिलने और आर्थिक शोषण से नाराज हैं कर्मचारी

30 हजार आउटसोर्स कर्मचारी करेंगे प्रदर्शन

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 18 मई. प्रदेश के सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों की व्यवस्था संभालने वाले 30 हजार से अधिक आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है.

पिछले 3 से 4 महीनों से वेतन न मिलने और निजी ठेका कंपनियों द्वारा किए जा रहे आर्थिक शोषण से नाराज कर्मचारियों ने सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के नाम दिया गया है. यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो 25 मई से प्रदेशभर के कर्मचारी सामूहिक हड़ताल पर चले जाएंगे. संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि कार्यरत आउटसोर्स कर्मी पिछले 4 महीने से बिना वेतन के काम कर रहे हैं. जिससे उनके घरों में रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है.

प्रमुख मांगें

- समान कार्य-समान वेतन के सिद्धांत पर संविदा कर्मचारियों का न्यूनतम मासिक मानदेय 26,000 रुपये हो.
- ठेका बंद कर कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा दी जाए और रिक्त पदों पर नियमितीकरण हो.
- पिछले 3 से 4 महीने का रुका हुआ वेतन तुरंत कर्मचारियों के खातों में डाला जाए.
- कर्मचारियों का शोषण करने वाली निजी ठेका एजेंसियों को तुरंत ब्लैकलिस्ट किया जाए.

महापौर ने किया पिंक ई-रिक्शा का शुभारंभ

भोपाल. महापौर मालती राय ने महिला स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए पिंक ई-रिक्शा का शुभारंभ सोमवार को पीपुल्स यूनिवर्सिटी सभागार में किया. महापौर ने इस अवसर पर कहा कि ई-रिक्शा की यह पहल हमारी बहनों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने व शहर में सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मील का पत्थर साबित होगी. महापौर राय ने पिंक ई-रिक्शा की लाभार्थी बहनों को नये सफर की उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं. इस अवसर पर रोहित पांडे सहित आरपी फाउंडेशन के पदाधिकारी व पिंक ई-रिक्शा की लाभार्थी भी उपस्थित थीं.

सबसे दूर सबसे पहले अभियान आरंभ

भानपुर केकड़िया में लगा शिविर

समय सीमा की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 18 मई. कलेक्टर कार्यालय में सोमवार को समय सीमा की समीक्षा बैठक हुई. कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने संबंधित विभागों की समीक्षा की और अधिकारियों दिशा-निर्देश दिए.

उन्होंने बताया कि पीएम जनमन एवं धरती आबा योजना के अंतर्गत जिले के भानपुर केकड़िया ग्राम में राष्ट्रव्यापी अभियान जनभागीदारी - सबसे दूर सबसे पहले के तहत सोमवार से शुरू किया गया है जो 25 मई तक जारी रहेगा.

इस शिविर के माध्यम से जनजातीय समुदायों के लिए विशेष हितग्राही को सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की जानकारी साझा करें. उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान मैदानी संपर्क, योजनाओं की पूरी संतृप्ति व स्वास्थ्य विस्तार सेवाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें.

महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

शादी के 4 साल बाद भी नहीं हुई संतान

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 18 मई. कोलार थाना इलाके में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. महिला एक निजी स्कूल में बच्चों को संभालने का काम करती थी. शादी के कुछ सालों बाद भी महिला की कोई संतान नहीं थी.

घटना स्थल पर पहुंची पुलिस को मौके पर सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. एसआई पप्पू कटियार ने बताया कि महिला दुर्गा अहरिवार (24) बंजारी क्षेत्र में निवास करती थी. दुर्गा का पति आकाश अहिरवार मजूदरी का काम करता है. रविवार को काम करने के बाद आकाश जब घर पहुंचा तो उसने दुर्गा को फंदे पर लटकते देखा. आकाश ने इसकी सूचना तुरंत ही पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को फंदे से उतार कर अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. दुर्गा और आकाश की शादी चार साल पहले हुई थी. दोनों पति पत्नी अपने मकान में अकेले रहते थे. उनकी कोई संतान भी नहीं थी.

युवती ने फांसी लगाकर दी जान

> **भोपाल.** हबीबगंज थाना क्षेत्र निवासी एक 18 साल की युवती ने फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली. युवती के फांसी लगाने का कारण अज्ञात है. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है. जानकारी के मुताबिक जसमीन नाम की युवती मीरा नगर में अपने परिजन के साथ रहती थी. शनिवार को जसमीन ने अपने घर के एक कमरे में दोपहर के समय घर के अंदर एक कमरे में फांसी लगा कर जान दे दी. परिजनों ने जब जसमीन को फंदे पर लटकता देखा तो तुरंत उसे उतारकर एम्स पहुंचे, जहां जसमीन की रविवार को देर शाम इलाज के दौरान मौत हो गई.

57 लीटर अवैध शराब जब्त

भोपाल. राजधानी में सोमवार को जिला आबकारी नियंत्रक दल ने शहर में अवैध शराब बैचने वालों के खिलाफ धरपकड़ का अभियान चलाया गया. इस दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर अयोध्या बायपास रोड पर स्थित शाही पिंड रेस्टोरेंट पर कार्रवाई की. जहां से आबकारी दल ने 57 लीटर अवैध विदेशी शराब एवं बियर जिसकी कीमत 40 हजार रुपए जब्त की. साथ जिस वाहन से शराब की सप्लाई की जा रही थी,उसे भी जब्त किया गया. आरोपी कृष्ण पाल पर 34(1) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया.

बागमुगालिया में झुग्गी माफिया ने जमाया कब्जा

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 18 मई. राजधानी के बागमुगालिया एक्सटेंशन कॉलोनी विकास समिति के पदाधिकारी व सदस्य सोमवार को नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मिलने उनके निवास पर पहुंचे.

उनके राजधानी में न होने के चलते समिति ने विजयवर्गीय के ओएसडी हरीश गुप्ता से मुलाकात कर ज्ञापन दिया. ज्ञापन में कहा कि 9 मई को प्रशासन ने बावड़िया कलां क्षेत्र स्थित दीपक नगर बस्ती को हटाया था, वहां रहने वाले 35 परिवारों को बागमुगालिया एक्सटेंशन श्मशान घाट के पास वाली ग्रीन बेल्ट की जमीन पर शिफ्ट कर दिया था. प्रशासन ने 30 झुग्गियां बनाने के अनुमति बस्ती के लोगों को दी थी, लेकिन वहां पर 60 झुग्गियां बन गई हैं.

बड़ी समस्या नगर निगम बोला - एक पेड़ के बदले लगाए जाएंगे चार नए पौधे

मेट्रो की रफ्तार में कट रही शहर की हरियाली

निज संवाददाता

भोपाल, 18 मई. मेट्रो परियोजना के निर्माण कार्य के दौरान भदभदा रोड पर बड़ी संख्या में पुराने और विशाल पेड़ों की कटाई की जा रही है.

भीषण गर्मी के बीच हरियाली खत्म होने से राहगीरों और स्थानीय लोगों में नाराजगी दिखाई दे रही है. लोगों का कहना है कि शहर में पेड़ लगाने से ज्यादा उन्हें काटा जा रहा है,जिससे आने वाले समय में पर्यावरण और ऑक्सीजन की समस्या बढ़ सकती है. स्थानीय नागरिकों ने कहा कि बड़े पेड़ों को तैयार होने में वर्षों लगते हैं, लेकिन विकास कार्यों के नाम पर उन्हें तेजी से खत्म किया जा रहा है. लोगों ने मांग की है कि जहां संभव हो, पेड़ों को बचाने के प्रयास किए जाएं.

> इस मामले में भोपाल नगर निगम के उद्यान अधिकारी अनवर ने बताया कि मेट्रो निर्माण के लिए करीब 400 पेड़ काटने की अनुमति दी गई है. परियोजना की ओर से क्षतिपूर्ति राशि जमा कराई गई है और नियम अनुसार एक पेड़ के बदले चार नए पेड़ लगाए जाएंगे. उन्होंने बताया कि करीब 20 पेड़ अभी बचे हैं, जिन्हें बचाने की कोशिश की जा रही है. मेट्रो निर्माण और पेड़ों की कटाई को लेकर लोगों के बीच पर्यावरण संरक्षण को लेकर चिंता लगातार बढ़ रही है.

एनएचपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
पंजी. कार्या.: एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सेक्टर–33, फरीदाबाद–121003 (हरियाणा)
CIN No.-L40101HR1975GOI032564
Great Place To Work Certified

एनएचपीसी के साथ रोमांचक चुनौतियों को अपनाने के लिए आगे आएं...

एनएचपीसी लिमिटेड को अनुबंध के आधार पर
''सलाहकार (सुरक्षा)''
के रूप में सेवानिवृत्त अधिकारी की सेवाओं की आवश्यकता है

विज्ञापन सं.:- एनएच/टीए/03/2026

एनएचपीसी लिमिटेड भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम है। यह जलविद्युत विकास के लिए भारत का अग्रणी संगठन है, जिसके पास जलविद्युत परियोजनाओं की 'परिकल्पना से लेकर चालू करने तक' सभी गतिविधियां करने की क्षमता है। एनएचपीसी ने सौर और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में भी विविधीकरण किया है। कंपनी 01.09.2009 से एनएसई और बीएसई में सूचीबद्ध है और इसकी प्राधिकृत शेयर पूंजी 17,500 करोड़ रुपये है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024–25 में 19878 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया है और वित्त वर्ष 2024–25 में 3083.98 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। वर्तमान में, एनएचपीसी लिमिटेड के 31 पावर स्टेशनों से 9082.90 मेगावाट की संस्थापित क्षमता है।

NHPC को सेना/केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों/पुलिस संगठनों/राज्य पुलिस से सेवानिवृत्त एक अधिकारी की सेवाओं की आवश्यकता है, जो महानिरीक्षक, अवर महानिदेशक या समकक्ष, अथवा महानिदेशक या समकक्ष (वेतन मैट्रिक्स स्तर 14/15/16/17) के स्तर के सेवानिवृत्त हुए हो।

पूर्ण विवरण और ऑनलाइन पंजीकरण के लिए, कृपया एनएचपीसी की वेबसाइट **www.nhpcindia.com** के 'Career' अनुभाग पर जाएँ।

ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण की शुरुआत: 12.05.2026 (11:00 प्रातः)
ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 01.06.2026 (05:00 सायं)

वेबसाइट: http://www.nhpcindia.com/career.htm देखें।
आवेदन का केवल ऑनलाइन मोड स्वीकार्य है।

www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCindiaLimited nhpclimited @NHPCLimitedf NHPC Limited

cbc 34128/12/0002/2627